Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Demand for construction of ROB at level crossing No.33 on Nawada-Jamui route

श्री चन्दन सिंह (नवादा): माननीय सभापति महोदय, मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका देने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ और आपका आभार प्रकट करता हूँ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि नवादा जिले के नवादा-जमुई पथ पर रेलवे गुमटी नम्बर-3, बस स्टैण्ड से पहले, एसएच-8, जो नवादा-जमुई पथ है, के लेवल क्रॉसिंग नम्बर-33 पर आरओबी का निर्माण कार्य बिहार सरकार के बीएसआरडीसीएल द्वारा कराया जा रहा है।

उक्त आरओबी के निर्माण हेतु कई बार डीपीआर बनाया गया है, परन्तु अब तक आरओबी का निर्माण नहीं हो सका है। मैं खुद बीएसआरडीसीएल के अधिकारियों से मिला, तो मुझे बताया गया कि आरओबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव रेल मंत्रालय के पास भेजा गया है। जब मैं रेलवे के पदाधिकारियों से मिला, तो उनके द्वारा बताया गया कि विभाग के द्वारा ड्राइंग आया है। मैं यह बताना चाहता हूँ कि तीसरी बार यह ड्रॉइंग बनाया गया है, परन्तु पुल का निर्माण नहीं हो सका है। केवल अधिकारियों के द्वारा बार-बार टाल-मटोल किया जा रहा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए, अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करें ताकि रेलवे गुमटी नम्बर-3, बस स्टैण्ड से पहले, एसएच-8, नवादा-जमुई पथ के लेवल क्रॉसिंग नम्बर-33 पर आरओबी का निर्माण जल्द से जल्द हो सके एवं मेरे संसदीय क्षेत्र नवादा के लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके।

धन्यवाद।